उत्तर प्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन अनुभाग
लखनऊः दिनांक 25 अक्टूबर, 2026

<u>विज्ञाति</u>

सामान्य प्रशासन अनुभाग की विज्ञप्ति संख्या-671/तीन-2025-39(2)-2016 दिनांक 17 नवम्बर, 2025 द्वारा वर्ष 2025 के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है, जिसके प्रस्तर-2(II) निर्बन्धित अवकाशों की सूची के क्रमांक 24 पर महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 26 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को निर्बन्धित अवकाश घोषित किया गया है।

2 - इस संबंध में शासन स्तर पर सम्यक विचारोपरान्त महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 26 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त लिये गए निर्णय के आलोक में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर दिनांक 26 अक्टूबर 2026 (सोमवार) को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। यह अवकाश निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट ऐक्ट 1881 के अधीन नहीं होगा।

3 - तदनुसार सामान्य प्रशासन अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अवकाश घोषित करने के संबंध में विज्ञप्ति संख्या-671/तीन-2025-39(2)-2016 दिनांक 17 नवम्बर, 2025 को इस सीमा तक संशोधित समझा जाय तथा उक्त विज्ञप्ति दिनांक 17 नवम्बर, 2025 के शेष अंश यथावत रहेंगे।

Digitally signed by
RANGARAO VENKATASIVA SARIDENA
Date: 25-10-2026 16:06:20

(एस0वी0एस0 रंगा राव)
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन ।
2- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उ०प्र०।
3- अपर मुख्य सचिव, मा० मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4- मुख्य स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5- निबन्धक, मा० उच्च न्यायालय, प्रयागराज ।
6- महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज ।

7- समस्त विभागाध्यक्ष/मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ०प्र०।

8- प्रमुख सचिव, विधान परिषद्/विधान सभा, उ०प्र० ।

9- सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्यों का विभाग, नई दिल्ली।

10- सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।

11- प्रबन्धक एवं संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति बैंक आफ बड़ौदा, आंचलिक कार्यालय, 45, भारतीय जीवन बीमा निगम बिल्डिंग, हजरतगंज, लखनऊ।

12- क्षेत्रीय निदेशक, उ0प्र0 एवं उत्तराखण्ड , भारतीय रिजर्व बैंक, कानपुर-208001 |

13- निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को इस विज्ञप्ति का आवश्यक प्रसार एवं प्रचार कराने हेतु।

14- महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक, गोमती नगर, लखनऊ।

15- कुलपति, डा0 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

16- सचिवालय के समस्त अनुभाग।

17- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

Digitally signed by Brijesh Kumar
Date: 25-10-2026 16:08:32

(ब्रजेश कुमार)
उप सचिव।